**निरीक्षण** | कलेक्टर ने किया रीठी क्षेत्र का औचक निरीक्षण, स्कूल पहुंचकर छात्रों को पढ़ाया अंग्रेजी का पाठ

# लापरवाह पटवारियों को नोटिस, जवाब-तलब



**नवभारत, कटनी।** जिले में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को परखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को विकासखंड रीठी के विभिन्न ग्रामों का आकस्मिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बिलहरी के उपतहसील कार्यालय से लेकर शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए।

कलेक्टर ने बिलहरी उप तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अतिरिक्त तहसीलदार अनुराधा सिंह से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की और आदेशों के क्रियान्वयन का स्वयं खसरा अभिलेखों से मिलान कर सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम नौआपटी के एक नामांतरण प्रकरण में आदेश का सही अमल नहीं पाए जाने पर संबंधित पटवारी आशीष शर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम कैमोरी के सीमांकन प्रकरण में नक्शा बटांकन नहीं होने का हवाला देकर सीमांकन कार्य लंबित रखने वाले तत्कालीन पटवारी अवध मिश्रा जो वर्तमान में कटनी शहर में पदस्थ हैं, उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए हैं। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी सीमांकन प्रकरण में कोई वैधानिक विवाद नहीं है और सभी पक्षकार सहमत हैं, तो सीमांकन के दौरान ही नक्शा बटांकन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। प्रशासनिक सख्ती के बीच कलेक्टर का एक प्रेरणादायी पक्ष भी देखने को मिला। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांधा के निरीक्षण के दौरान वे सीधे कक्षा 12वीं में पहुंचे और विद्यार्थियों के बीच शिक्षक की भूमिका निभाते नजर आए। उन्होंने अंग्रेजी विषय का पाठ पढ़ाते हुए विद्यार्थियों से पाठ पढ़वाया, उसका हिंदी में अनुवाद कराया और विषय की बारीकियों को खुद सरल भाषा में समझाया। छात्रा प्राची गुप्ता, सादिया बी और छात्र अभिषेक चौधरी और सतेंद्र विश्वकर्मा ने पाठ पढ़कर सुनाया, जबकि कलेक्टर ने उन्हें उच्चारण और अर्थ समझाने में मार्गदर्शन दिया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सिर्फ पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें भारतीय संविधान में वर्णित नागरिकों के मूल कर्तव्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कलेक्टर हाई स्कूल की विज्ञान कक्षा में पहुंचे, जहां विद्यार्थियों को पाचन तंत्र का अध्याय पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने छात्रों से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी समझ और शिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया।



# समाज के हित में लगातार कार्य करने का लिया संकल्प

**लायंस क्लब रॉयल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित**

**नवभारत, कटनी।** लायंस क्लब कटनी रॉयल का शपथ ग्रहण समारोह आज अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन अनिल अग्रवाल, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सत्येंद्र शर्मा ने वर्ष 2026-27 की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एनके जैन रहे। शपथ ग्रहण समारोह में लायन साधना अग्रवाल ने अध्यक्ष, लायन भारती चौधरी ने सचिव तथा लायन हंसा खंडेलवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा, समर्पण और मानवता के आदर्शों पर चलते, समाज के हित में लगातार कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि लायन अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है और सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। शपथ अधिकारी लायन सत्येंद्र शर्मा ने नई टीम को बधाई देते हुए सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि लायन एनके जैन ने भी नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया तथा क्लब के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में लायन सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**एक नजर में**

## शासकीय आईटीआई में आज कैंपस प्लेसमेंट

**नवभारत, कटनी।** जिले के युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर उपलब्ध कराने हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी में मंगलवार, 14 जुलाई 2026 को सुबह 8 बजे से सेंट एल्युमिनियम प्राइवेट लिमिटेड, भिवाड़ी राजस्थान द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य देवेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई उत्तीर्ण सभी ट्रेड अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी, मैकेनिकल डिप्लोमा, बीई, बीटेक अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। भर्ती ट्रेनी पद के लिए की जाएगी, जिसमें 18 से 28 वर्ष आयु वर्ग के पुरुष और महिला दोनों अभ्यर्थी पात्र होंगे। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को आकर्षक वेतन प्रदान किया जाएगा। आईटीआई अभ्यर्थियों को 25,972 रूपए प्रति माह, डिप्लोमा धारकों को 31,744 रूपए प्रति माह, बीई, बीटेक अभ्यर्थियों को 34,574 रूपए प्रति माह दिया जाएगा। इसके साथ ही कैंटीन, यूनिफॉर्म, सेफ्टी शूज, मेडिकल सुविधा और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। प्राचार्य ने इच्छुक अभ्यर्थियों से कहा है कि वे अपने साथ बायोडाटा, आधार कार्ड, 10वीं और 12वीं की सहित अन्य अंकसूची कैंपस प्लेसमेंट में शामिल हों।

# गांजा लेकर जा रहे दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**बड़वारा थाना क्षेत्र के लखाखेरा में पुलिस ने की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत दो युवकों को गांजा सहित पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से 1.750 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 12 जुलाई को ग्रामीण क्षेत्र भ्रमण के दौरान लखाखेरा हार के बड़ा महादेव मार्ग स्थित जंगल में एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है।



पकड़े गए आरोपी बरही थाना क्षेत्र के पिपरिया कला गांव निवासी निखिल पिता दीपचंद्र सोनी और अभिषेक पिता अशोक बर्मन हैं। पुलिस ने गांजा तस्करी में उपयोग की गई आरोपियों की मोटर को साइकिल भी जब्त कर लिया है। कार्रवाई में बड़वारा कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई कृष्ण कुमार पटेल, एएसआई रामनाथ साकेत, महेश प्रताप सिंह, प्रधान आरक्षक पवनराज, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र चढ़ार और आरक्षक बृजलाल प्रजापति की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी और डीएसपी के मार्गदर्शन में की गई है।

# सिकमीनामा के बाद अनुबंध का उल्लंघन, खेत से गाली देकर भगाया

**पीड़ित युवक ने की पुलिस से शिकायत की, कार्रवाई की मांग**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के ढीमरखेड़ा निवासी दो व्यक्तियों द्वारा एक किसान के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने और अनुबंध के विपरीत जाकर जमीन किसी अन्य को सौंपने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने इस संबंध में ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी को शिकायत सौंपकर कानूनी कार्रवाई और न्याय की मांग की है।

ग्राम बनगवां निवासी पीड़ित सोनू बर्मन पिता नन्हेंराम बर्मन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि ग्राम ढीमरखेड़ा निवासी रंजीत पटेल और उसके दामाद सर्वेश पटेल ने मिलकर उससे 1 लाख 55 हजार रुपए की राशि ली थी। इस राशि के बदले



उन्होंने ग्राम झिन्ना स्थित खसरा नंबर 628 और 631 की करीब 11 एकड़ भूमि पीड़ित को कृषि कार्य के लिए सिकमी पर दी थी। पीड़ित का आरोप है कि अनुबंध की अवधि पूरी होने से करीब 5 महीने पहले ही रंजीत और सर्वेश पटेल ने नियमों के विपरीत जाकर उक्त जमीन किसी अन्य व्यक्ति को कृषि कार्य के लिए सौंप दी। इतना ही नहीं, शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपियों ने धोखाधड़ी की हद पार करते हुए महर्षि महेश योगी फाउंडेशन के नाम दर्ज खसरा नंबर 631 (रकबा 1.61 हेक्टेयर) की भूमि को भी फर्जी तरीके से अपनी बताकर पीड़ित को सौंप दिया और आश्रम की राशि हड़प ली। अब महर्षि आश्रम प्रबंधन द्वारा पीड़ित किसान से राशि की मांग की जा रही है, जिससे वह मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। पीड़ित सोनू बर्मन ने बताया कि जब वह अपनी बोनी करने खेत पर गया, तो आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज कर उसे वहां से भगा दिया। साथ ही विरोध करने या पुलिस में शिकायत दर्ज कराने पर उसे चोरी के झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। पीड़ित ने ढीमरखेड़ा थाने में सिकमीनामा, चेक और खसरे की प्रति संलग्न करते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और अपनी जमीन वापस दिलाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महज चार कर्मचारियों के भरोसे चल रहा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

**स्थानांतरण के बाद भी नहीं जा रहे स्वास्थ्य कर्मचारी**

**नवभारत, रीठी।** जिले की रीठी तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर स्टाफ संकट से जूझ रही है। कागजों में कर्मचारियों का स्थानांतरण तो हो चुका है, लेकिन हकीकत में अस्पताल आज भी महज चार कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रहा है। जानकारी के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़गांव में करीब 9 कर्मचारियों के पद स्वीकृत एवं पदस्थ बताए जाते हैं, लेकिन वर्तमान में केवल चार कर्मचारी ही नियमित रूप से सेवाएं दे रहे हैं। शेष कर्मचारियों के रीठी में ही अटैच रहने की बात सामने आ रही है। इसका सीधा असर अस्पताल की ओपीडी, उपचार व्यवस्था और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। नवागत बीएमओ द्वारा सभी स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर अस्पताल पहुंचने और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मेडीकल ऑफिसर डॉ सुजस मोदी ने बताया कि कर्मचारियों की कमी के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा जिन कर्मचारियों का रीठी से बड़गांव स्थानांतरण किया गया था, वे आज तक नियमित रूप से यहां ड्यूटी पर नहीं पहुंचे। 10 जून 2026 को तत्कालीन बीएमओ द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश अभी तक केवल कागजों तक सीमित दिखाई दे रहा है। मेडिकल ऑफिसर ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि जिन कर्मचारियों की मूल पदस्थापना बड़गांव में है, उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण कराया जाए और रीठी में अटैचमेंट समाप्त किया जाए।

# रोजगार शिविर में 48 युवाओं को मौके पर दिए गए जॉइनिंग लेटर

**ढीमरखेड़ा में आयोजित किया गया रोजगार शिविर**

**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर सोमवार को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में विशेष रोजगार शिविर का आयोजन किया गया। जिला रोजगार कार्यालय द्वारा आयोजित इस शिविर में निजी क्षेत्र की कंपनी एसआईएस प्राइवेट लिमिटेड, सिंगरौली ने विभिन्न पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संपन्न की। शिविर में विकासखंड



ढीमरखेड़ा के 145 बेरोजगार युवाओं ने पंजीयन कराया। चयन प्रक्रिया के तहत लिखित परीक्षा और अन्य चरणों के बाद 48 युवाओं का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही जॉइनिंग लेटर प्रदान किए गए, जिससे युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना था। बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें भाग लिया और चयनित अभ्यर्थियों ने जिला प्रशासन एवं रोजगार विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला रोजगार कार्यालय से अनिल कुमार तिवारी, एनआरएलएम से जया कोष्ठी का योगदान रहा।

जिला रोजगार अधिकारी सुषमा विश्वकर्मा ने युवाओं से कहा है कि वे भविष्य में आयोजित होने वाले रोजगार शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

## ड्रिप और स्प्रिंकलर सिस्टम पर अनुदान के लिए करें आवेदन

**नवभारत, कटनी।** जिले के किसानों के लिए आधुनिक सिंचाई सुविधाओं का लाभ लेने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत ड्रिप सिस्टम, स्प्रिंकलर के लिए आवेदन प्रक्रिया 13 जुलाई से प्रारंभ कर दी गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों को सूचित किया है कि इच्छुक कृषक ई-कृषि अनुदान पोर्टल पर निर्धारित पात्रता एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय-सीमा के भीतर आवेदन कर सकते हैं। योजनाओं का उद्देश्य किसानों लाभ पहुंचाना है।

**बैठक** | श्री बधाई उत्सव समिति की वार्षिक बैठक में लिया गया निर्णय, घोषित की गई नवीन कार्यकारिणी

# धूमधाम से निकाली जाएगी शोभायात्रा, पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा दधिकांदो महोत्सव

**नवभारत, कटनी।** श्री बधाई उत्सव कमेटी की वार्षिक बैठक दधिकांदो महोत्सव के लिए श्रीराम दरबार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक प्रेम प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता और सुरेश सराफ के सानिध्य में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष 72वां दधिकांदो महोत्सव 6 सितंबर 2026 दिन रविवार को भव्य रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें भगवान श्री की शोभायात्रा धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ पूर्व वर्षो की तरह ही निकाली जाएगी। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। कार्यकारिणी में संरक्षक मंडल में विधयक संजय पाठक, राजू अग्रवाल, राजू खंडेलवाल,



बिहारी लाल सोनी, अनिरुद्ध अग्रवाल, ओमप्रकाश टुडहा, गणेश मोर, पदम त्रिपाठी, सुरेश सराफ, मनोहर मनोज, विपुल कोटक, अजय सरावगी, नरेंद्र खंताल , रम्मू बिलैया शामिल है। संयोजक मंडल में प्रेम प्रकाश दीक्षित, संजीव चौदहा, अध्यक्ष अभिषेक पुरवार, उपाध्यक्ष शिवम पहारिया, कृष्णा सोनी, कृष्ण गोपाल गर्ग, सचिव अतीष खंमपरिया, सह सचिव अभिषेक बर्मन राहुल सुहाने, मयंक सोनी, रविंद्र चौदहा, कोषाध्यक्ष संतोष पांडे, प्रचार मंत्री सिद्धार्थ खर्द, राहुल सरावगी, यश चौदहा, मयूर खंडेलवाल, शुभम सोनी, सजावट मंत्री सुशील बरसैया, सतीश मोर, संगठन मंत्री रौनक खंडेलवाल, टीनू सचदेवा, प्रदीप द्विवेदी, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्णा सोनी, अखिलेश पुरवार, राज सोनी, कृष्णा सेठिया, वैभव पुरवार, सम्मानित सदस्यों में विधायक संदीप जयसवाल, विधायक प्रणय पांडे, विधायक धीरेंद्र सिंह, महापौर प्रीति संजीव सूरी, नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित शुक्ला, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, प्रदीप मित्तल, शशांक चांडक, सुमित अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, पवन मित्तल, चंद्रशेखर चौदहा, पूर्व विधायक श्रीमती सरोज बच्चन नायक, पितांबर टोपनानी, भगवान दास माहेश्वरी, प्रवीण बजाज, विजेंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक सुकृति जैन, गिरिराज किशोर पोद्दार, रामरतन पायल, प्रियदर्शन गौर, सतीश शर्मा, चमन लाल आनंद, मनीष गई, मोहनलाल चौदहा , राजेश दीक्षित, मिथिलेश जैन, प्रेम बत्रा, उमाशंकर सुहाने, चीनी चेलानी, मथुरा प्रसाद सोनी, अभिलाष दीक्षित, राजू शर्मा, निरंजन पंजवानी, सुनील मिश्रा, आशीष गुप्ता संजय गुप्ता, रमेश सोनी, अशोक सेठिया, सुभाष साहू, अशोक रिझवानी, विनय दीक्षित, सुरेश सोनी, प्रकाश रजक, विजय गड़ोदिया, अवकाश जायसवाल, माधव चौदहा, सोनू बेहरे, सौरभ नायक, संतोष गुप्ता, जमुना बिचपुरिया, बिल्लू शर्मा, ललित सोनी शामिल है। जुलूस संचालन समिति में बेबू चौदहा, संजय चौदहा, अतुल बिलैया, अनुराग सरावगी, मनीष सराफ सहित अन्य शामिल है।


गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन हमारी प्रतिबद्धता एवं पहचान है
Reg.No.23101
साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग
2026-27 ADMISSION OPEN
समस्त कोर्स में प्रवेश 6 अगस्त से प्रारंभ
ANM, GNM, P.B-B.Sc., M.Sc.में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गये है
सभी कोर्स INC से मान्यता प्राप्त है
ANM (2 वर्षीय) | GNM (3 वर्षीय) | B.Sc. नर्सिंग (4 वर्षीय) | M.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | P.B.B.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | D.El.Ed. (2 वर्षीय)
नर्सिंग करियर की ओर एक कदम
उज्जवल भविष्य और सम्मानजनक करियर | कुशल एवं अनुभवी फैक्ल्टी | आधुनिक लैब और हॉस्पिटल ट्रेनिंग | छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त SC/ST/OBC/ अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां
संपर्क करें 8962262200 9752414319 9425325616
श्री हॉस्पिटल, एम. एम. चौबे वार्ड, एन. एच. 7, बरगवां रोड, कटनी (म.प्र.)



माँ दुर्गा हॉस्पिटल
HOSPITAL
वीडियो दूरबीन शल्य चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना चीर फाड़ के ऑपरेशन
आयुष्मान भारत योजना एवं मेडीक्लेम के तहत
ऑपरेशन एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है।
24 घण्टे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है
विशेषज्ञ चिकित्सक
जनरल सर्जरी
डॉ. एल.एन. खण्डेलवाल
MBBS, MS
जनरल लैप्रोस्कोपी (दूरबीन)
ट्रामा, कैंसर सर्जन एवं एण्डोस्कोपिस्ट
डॉ. कमल नयन लहरिया
MBBS, MS, FIAGES, FHBS, FMAS
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.) 483501 07622&484314, 405850
मैनेजिंग डायरेक्टर-प्रदीप मालिक (राका) E-mail: : maadurgahospital6@gmail.com



किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं
किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
न्यूनतम 10 माह की फीस
10 Months Economical Fees Structure.
Well-Experienced & Trained Faculty.
Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
CONTACT US
Phone: 6261958324
WhatsApp: 7897244744
Instagram: kidscaregroupkatni
Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.)
MO - 7692807777



NALANDA HIGHER SECONDARY SCHOOL
Affiliated to Madhya Pradesh Board of Secondary Education, Bhopal (M.P.)
NURSERY TO XII (ENGLISH MEDIUM)
Science, Arts & Commerce
ADMISSION OPEN
FACILITIES
Comfortable Learning Environment for Students
Fully Equipped Labs.
Smart Classes.
Campus Secured with CCTV Camera's
Use of Modern Resources & Technology.
Large Computer Lab with internet Facility
21, CIVIL LINES, KATNI (M.P.) Phone: 07622-420345, 230378 Contact: 95844 36048
nalandaschool.katni@yahoo.com nalandakatni.com



NOBLE HEART PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL
Affiliated by Govt. of MD Education Dept. Bhopal (MP)
ENGLISH MEDIUM
NURSERY TO CLASS XII
OUR FACILITES
Smart Classrooms
Experienced Faculty
Regular Test Series
Focus on Overall Development
Discipline & Value Education
ADMISSION OPEN Session 2026-27
Quality Education Bright Future
CLASS X RESULT 2026
Shweta Pandey 98.4% | Abha Guru 97.6% | Shivi Mishra 97.00% | Kajal Kushwah 96.00% | Anshika Gupta 95.6% | Prashant Mabobia 95.2%
Bus Facility Available
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI(MP) 7869484013, 7389678892